**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 08.01.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–युवाओं में कौशल विकास करना सरकार की प्राथमिकता।**
- **राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न माध्यमों से सुरक्षा की अलख जगाई जा रही है–जयपुर में एक लाख मास्टर ट्रेनर बनाने का लक्ष्य।**
- **राज्य विधानसभा का तीसरा सत्र 31 जनवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा।**
- **राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की आज से जयपुर में शुरूआत–12 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे।**

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज पेंडिंग पॉलिसीज एक्ट और योजनाओं को लेकर बैठक की। इस दौरान श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं में कौशल क्षमता का विकास करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने राज्य कौशल नीति में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रावधान जोड़ने के अधिकारीयों को निर्देश दिये। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, अखिल अरोड़ा, कुलदीप रांका मौजूद रहे।

000

18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन आज भुबनेश्वर में शुरू हुआ। **विकसित भारत के लिए प्रवासी समुदाय का योगदान** थीम पर हो रहे इस सम्मेलन में 75 देशों के करीब छह हजार प्रवासी भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। नौ जनवरी को मनाया जाने वाला ये दिन वैश्विक भारतीय समुदाय के साथ भारतीय संबंधों का जश्न मनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्‌घाटन कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे।

इधर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रवासी राजस्थानियों से जल संचयन अभियान **कर्मभूमि से मातृभूमि** के लिए सहयोग देने का आग्रह किया है।

000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि सड़क हादसों में 66 प्रतिशत मौतें 18 से 34 आयु वर्ग के लोगों की हुई है। श्री गडकरी ने ये जानकारी नई दिल्ली में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ सड़क सुरक्षा पर हुई बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में दी। श्री गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत सरकार दुर्घटना पीड़ितों को अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करेगी।

000

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रदेशभर में विभिन्न माध्यमों के जरिए सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इसके लिए वाहन रैली, समझाइश, नुक्कड़ नाटक का सहारा लिया जा रहा है। परिवहन विभाग की ओर से जयपुर में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जयपुर के प्रादेशिक परिवहन अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत ने आकाशवाणी को बताया कि महीनेभर लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के लिए सजग किया जाएगा। श्री शेखावत ने बताया कि जयपुर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में इस बार एक लाख लोगों को मास्टर ट्रेनर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

...............

सड़क सुरक्षा और यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की कड़ी में पाली में आज वाहनों पर रेडियम स्टीकर भी लगाए गए।

000

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि भारत अपने व्यंजनों को वैश्विक बनाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि देश की भौगोलिक और आबादी की विविधता को देखते हुए यहां व्यंजनों का समृद्ध भंडार है। श्री पासवान आज ग्रेटर नोएडा में **इंडस फूड 2025** के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देशभर में 100 नई खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश होने के कारण भारत, आने वाले दिनों में मसालों के लिए वैश्विक बास्केट बन सकता है।

...............

इंडस फूड एशिया का प्रमुख खाद्य और पेय व्यापार शो है। यह व्यापार शो वैश्विक व्यवसायों को भारत की खाद्य अर्थव्यवस्था से जुड़ने के लिए एक विशेष मंच प्रदान करता है। इस आयोजन में 180 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शकों सहित एक हजार 800 से अधिक प्रतिभागी हैं।

000

राज्य विधानसभा का तीसरा सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा ने इस बारे में आज अधिसूचना जारी की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा सत्र की तैयारियों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण के साथ सत्र की शुरूआत होगी।

000

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव आज से जयपुर में शुरू हुआ। युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने इसका उद्घाटन किया। पांच दिन के इस महोत्सव में गायन, वादन और नृत्य की विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें संभाग स्तर पर विजेता रहे प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही राजस्थान की परम्परागत मांडना और रंगोली जैसी कलाओं को बढ़ावा देने के प्रयास भी किये जाएंगे। युवाओं के लिए मोटिवेशनल सत्र भी रखे गए हैं। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाए जाने वाले युवा दिवस के अवसर पर महोत्सव का समापन होगा।

000

जयपुर में आज से राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह की शुरूआत हुई। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने जवाहर कला केन्द्र में हो रहे इस समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने संगीत के क्षेत्र में प्रतिभा खोज के लिए होने वाले इस समारोह की सराहना की। उन्होंने कहा कि संगीत तनाव को कम करने में सहायक होता है।

...............

कार्यक्रम के संयोजक के.सी. मालू ने बताया कि तीन दिन चलने वाले इस समारोह में विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें पंद्रह राज्यों के कलाकार हिस्सा ले रहे हैं।

000

बीकानेर के ख्याति प्राप्त ऊंट महोत्सव की शुरूआत दस जनवरी से होगी। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन तीन तक चलने वाले इस महोत्सव की तैयारियों में जुटा है। इस दौरान देशी–विदेशी सैलानियों के लिए कबड्डी, खो–खो, रस्साकशी सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी। महोत्सव के दौरान सजे–धजे ऊंटों की परेड भी निकाली जाएगी।

000

प्रदेश में एचएमपीवी के संक्रमण की आशंका के मद्देनजर चिकित्सा विभाग सजग और सतर्क है। सभी जिलों में भी गंभीर श्वसन बीमारियों को लेकर निगरानी रखी जा रही है और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। झुंझुनूं के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजवीर राव ने बताया कि जिला अस्पताल में विशेष इंतजाम किये गये हैं।

000

डीग जिले से पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक गिरोह को पकड़ा है। इन्हें अकबरपुर पहाड़ी से गिरफ्तार किया गया है। गैंग के सदस्यों से 15 मोबाइल और 12 फर्जी सिम जब्त की गई। भरतपुर रेंज के महानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने बताया कि गैंग में शामिल दस ठगों में से पांच नाबालिग हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के मेवात क्षेत्र से साइबर अपराधों को खत्म करने के लिए ऑपरेशन एंटी वायरस के साथ अब ऑपरेशन साइबर शील्ड भी चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में मेवात क्षेत्र में साइबर अपराधों में काफी कमी आई है।

000

सांभर झील क्षेत्र में अवैध खनन और अतिक्रमण को हटाने के लिए मिशन मोड पर कार्रवाई की जाएगी। वन मंत्री संजय शर्मा ने आज जयपुर में आयोजित सांभर झील प्रबंधन एजेंसी की बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने झील के संरक्षण और प्रबंधन के लिए सभी जरूरी कदम उठाते हुए अवैध बिजली कनेक्शन हटाने को भी कहा। वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने कहा कि क्षेत्र में नमक खनन के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की गाइडलाइंस की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी।

000